an>

Title: Need to undertake financial revival of units of Bharat Wagon and Engineering Company Limited at Muzaffarpur and Mokama in Bihar.

श्री अजय निषाद (मुजफ्फरपुर) ः बिहार के मुजफ्फरपुर एवं मोकामा स्थित भारत वैंगन एवं इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड की दोनां इकायों का हस्तांतरण अप्रैल 2008 में रेल मंत्रालय में किया गया था जिसकी एक मात्र शर्त आर्थिक पुनर्गठन करना था। लेकिन आज तक इनका आर्थिक पुनर्गठन नहीं किया गया जबकि समान शर्त एवं परिस्थिति में बंगाल की दो कंपनियों वर्न स्टैण्डर्स एवं ब्रेथवेट एण्ड कंपनी का भी अधिग्रहण 2010 में किया गया था जिसका छः महीने के अंदर ही आर्थिक पुनर्गठन पूरा कर दिया गया। इससे प्रतीत होता है कि रेल मंत्रालय बिहार स्थित उपरोक्त इकाइयों के प्रति उदासीन है। वर्ष 2011 में रिवाइवल प्लान लाने की अनुशंसा करने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा नोमिनेट ईडी कमेटी की अनुशंसा का भी कुछ नहीं हुआ। यहां एक बात और भी काबिलेगौर है कि जुलाई 2015 से कंपनी में गतिरोध के कारण उत्पादन बाधित है लेकिन कामगारों की यूनियन की पहल के बावजूद भी प्रबंध निदेशक द्वारा समुचित पहल न करना चिंताजनक है।

अतः मेरा माननीय रेलमंत्री जी से अनुरोध है कि भारत वैंगन के हज़ारों कामगारों एवं आश्रितों के हितों एवं पूरे बिहार की अपेक्षा एवं आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए इन दोनों इकाइयों का आर्थिक पुनर्गठन अतिशीघ्र कराया जाए। साथ ही, स्थानीय गतिरोध को दूर कराकर शीघ्र कारखाने में बेहतर कामकाजी माहौल बनाया जाए और इस दिशा में माननीय रेल मंत्री जी से एक स्थल निरीक्षण हेतु एक सशक्त टीम जिसमें प्रबंध निदेशक और स्थानीय दोनों सांसद भी सदस्य हों, को गठित करने की मांग करता हूँ।